Series S4PQR/4

**SET-3**

प्रश्न-पत्र कोड **2/4/3**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **14** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (आधार)
# HINDI (Core)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **14** प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खंड हैं - **खंड-'अ'** और **खंड-'ब'**।*

*(iii)* ***खंड-'अ'** में **40** बहुविकल्पी/वस्तुपरक उपप्रश्न पूछे गए हैं, सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं।*

*(iv)* ***खंड-'ब'** में **08** वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(v)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।*

*(vi)* *यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*

## खंड – अ

## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **10 × 1 = 10**

प्रगति मैदान में बहुत से मेले लगते हैं, लेकिन विश्व पुस्तक मेला का अपना आनंद है। यह मेला नहीं, पुस्तकों के साथ जीने, उन्हें महसूस करने का उत्सव है। बीते तीन दशकों से, जब से सूचना प्रौद्योगिकी का प्रादुर्भाव हुआ है, मुद्रण तकनीक से जुड़े लोग इसी भय में जीते रहे हैं कि कहीं कंप्यूटर, टी.वी., सी.डी. की दुनिया छपे हुए अक्षरों को अपनी बहुरंगी चकाचौंध में उदरस्थ न कर ले। जैसे-जैसे चिंताएँ बढ़ी, पुस्तकों का बाजार भी बढ़ता गया। उसे बढ़ना ही था – आखिर साक्षरता दर बढ़ रही है, ज्ञान पर आधारित जीविकोपार्जन करने वालों की संख्या बढ़ रही है। पुस्तकें इंसान को वैचारिक और मानसिक दुविधाओं के प्रश्नों का विकल्प देती हैं।

असल में विश्व पुस्तक मेला सिर्फ किताब खरीदने-बेचने की जगह नहीं है। यह पुस्तक प्रेमियों की जरूरत को एक स्थान पर पूरा करने का केवल बाजार नहीं है क्योंकि केवल पुस्तक खरीदने के लिए तो दर्जनों वेबसाइट उपलब्ध हैं, जो घर बैठे किताबें पहुँचा देती हैं, बल्कि एक उत्सव है। दरअसल, पुस्तक भी इंसानी प्यार की तरह होती है, जिससे जब तक बात न करो, सामने न हो, स्पर्श न करो, अपनत्व का अहसास नहीं होता। फिर, तुलनात्मकता के लिए एक ही स्थान पर एक साथ इतने सजीव उत्पाद मिलना एक बेहतर प्रचार का विकल्प और मनोवृत्ति भी है।

पुस्तक मेला एक त्योहार है, पाठकों, लेखकों, व्यापारियों, बच्चों का । हर दिन कई सौ पुस्तकों का लोकार्पण, बीस-पच्चीस गोष्ठी-विमर्श, दस-पंद्रह लेखकों से बातचीत के सत्र और बच्चों की गतिविधियाँ । ढेर सारे विचार, मतांतर एक ही छत के नीचे, पर सभी का एक ही लक्ष्य, ज्ञान को विस्तार मिले ।

दिन चढ़ते ही लोग कंधे छीलती भीड़ में उचक-उचक कर लेखकों को पहचानने का प्रयास करते हैं । कहीं कविता पाठ चलता है, तो कहीं पर व्यंग्य और कहानी पेश करने का आयोजन । इस मेले की खासियत यह भी है कि दूर-दराज से आए और नए लेखक अपनी पांडुलिपियाँ लेकर प्रकाशकों को तलाशते दिखते हैं । विदेशी मंडप में भले ही अधिकांश पुस्तकें केवल प्रदर्शन के लिए होती हैं, लेकिन कुछ लोग इनसे प्रेरणा प्राप्त करते भी दिखाई देते हैं । बच्चों की नैसर्गिक रचनात्मक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए बाल मंडप एक महत्त्वपूर्ण आकर्षण होता है । पुस्तक मेला में दिल और दिमाग, दोनों पुस्तक के साथ धड़कते-मचलते हैं, तभी तो यह मेला नहीं हैं, आनंदोत्सव है । पुस्तकों का वसंतोत्सव है, जो आश्वस्त करता है कि मुद्रित शब्दों की शक्ति, सहकार और सौंदर्य अब भी विद्यमान है ।

(i) गद्यांश के आधार पर पुस्तकों का जीवन में महत्त्व है –

(A) ज्ञान अर्जित करने के लिए

(B) रोजगार प्राप्त करने के लिए

(C) मनोरंजन प्राप्त करने के लिए

(D) वैचारिक और मानसिक भूख शांत करने के लिए

(ii) सूचना प्रौद्योगिकी से अभिप्राय है –

(A) सूचनाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाना ।

(B) सूचनाओं के आदान-प्रदान में तकनीक का प्रयोग करना ।

(C) सूचनाओं के आदान-प्रदान का विकास करना ।

(D) सूचना क्षेत्र में संदेश, तस्वीर या विचार दूसरे स्थान पर पहुँचाना ।

(iii) सूचना प्रौद्योगिकी के प्रादुर्भाव से किस क्षेत्र के लोगों को अधिक चिंता होने लगी ?

(A) छापे खाने से जुड़े लोगों को (B) तकनीक जगत से जुड़े लोगों को

(C) आई.टी. जगत से जुड़े लोगों को (D) हाथ का काम करने वाले लोगों को

(iv) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(I) पुस्तक मेले में सितारों और चित्रकारों से मिलने का अवसर प्राप्त होता है ।

(II) सैकड़ों पुस्तकों का लोकार्पण और लेखकों के साथ विचार-विमर्श करने का अवसर प्राप्त होता है ।

(III) अलग-अलग मत के लोग एक छत के नीचे खड़े होकर चर्चा करते हैं ।

(IV) पुस्तक मेले में घूमने-फिरने और मित्र बनाने का अवसर मिलता है ।

गद्यांश के अनुसार कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(A) केवल कथन (I) सही है ।

(B) केवल कथन (II) सही है ।

(C) केवल कथन (II) और (III) सही हैं ।

(D) केवल कथन (I) और (IV) सही हैं ।

(v) पांडुलिपि कहते हैं –

(A) हाथ से लिखित (हस्तलिखित) प्रति को

(B) पाण्डवों द्वारा लिखित प्रति को

(C) नई पुस्तक की प्रति को

(D) अप्रकाशित पुस्तक की प्रति को

(vi) पुस्तक मेले में इनमें से क्या नहीं होता ?

(A) कविता पाठ

(B) कहानी वाचन

(C) नई पुस्तक का प्रचार

(D) पार्टी का प्रचार

(vii) गद्यांश में आई "कंप्यूटर, टी.वी., सी.डी. की दुनिया छपे हुए अक्षरों को अपनी बहुरंगी चकाचौंध में उदरस्थ न कर ले ।" – पंक्ति का आशय है –

(A) पढ़ाई से लोगों की रुचि न हटा दे ।

(B) पुस्तकों का महत्त्व कम न कर दे ।

(C) मुद्रित पुस्तकों का महत्त्व समाप्त न कर दे ।

(D) मुद्रित माध्यमों को समाप्त न कर दे ।

(viii) मुद्रण तकनीक से संबंध है –

(A) पत्रकार का
(B) लेखक का
(C) प्रकाशक का
(D) अर्थशास्त्री का

(ix) गद्यांश में पुस्तक मेले को लेखक ने 'आनंदोत्सव' की संज्ञा दी है, क्योंकि –

(A) असंख्य लोग यहाँ आकर आनंद प्राप्त करते हैं ।
(B) असंख्य लेखक, विचारक, मंत्री और सितारे यहाँ मिलते हैं ।
(C) यहाँ दिल और दिमाग दोनों लगते हैं ।
(D) यहाँ दिल और दिमाग दोनों को खुराक मिलती हैं ।

(x) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

**कथन :** विश्व पुस्तक मेला सिर्फ किताब खरीदने और बेचने की जगह नहीं है ।

**कारण :** आज किताब खरीदने-बेचने के लिए दर्जनों वेबसाइट उपलब्ध हैं ।

(A) कथन सही है, कारण गलत है ।
(B) कथन सही नहीं है, कारण सही है ।
(C) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण उसकी सही व्याख्या नहीं करता ।
(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

अकेलेपन से जो लोग दुखी हैं,
वृत्तियाँ उनकी
निश्चय ही, बहिर्मुखी हैं ।
सृष्टि से बाँधने वाला तार
उनका टूट गया है;
असली आनन्द का आधार
छूट गया है ।
उद्गम से छूटी हुई नदियों में ज्वार कहाँ ?
जड़-कटे पौधों में जीवन की धार कहाँ ?
तब भी, जड़-कटे पौधों के ही समान
रोते हैं ये उखड़े हुए लोग बेचारे;

जीना चाहते हैं भीड़-भम्भड़ के सहारे ।
भीड़, मगर, टूटा हुआ तार
और तोड़ती है
कटे हुए पौधों की
जड़ नहीं जोड़ती है ।
बाहरी तरंगों पर जितना ही फूलते हैं;
हम अपने को उतना ही और भूलते हैं ।
जड़ जमाना चाहते हो
तो एकान्त में जाओ;
अगम-अज्ञात में अपनी सोरें फैलाओ ।
अकेलापन है राह
अपने आपको पाने की;
जहाँ से तुम निकल चुके हो,
उस घर में वापस जाने की ।

(i) वृत्तियाँ उनकी, निश्चय ही बहिर्मुखी हैं – पंक्ति के संदर्भ में 'वृत्ति' का अर्थ है –

(A) व्यापार
(B) स्वभाव
(C) कर्त्तव्य
(D) वृत्तांत

(ii) 'उद्‌गम से छूटी हुई नदियों में ज्वार कहाँ ?' – पंक्ति से अभिप्राय है –

(A) मूल से अलग होने पर नदियों में प्रवाह नहीं रहता ।
(B) मूल से अलग होने पर नदियों का अस्तित्व समाप्त हो जाता है ।
(C) उद्‌गम स्थल से अलग होने पर नदियों में सौंदर्य नहीं रहता ।
(D) मूल से अलग होने पर जीवन का सौंदर्य नहीं रहता ।

(iii) भीड़ का क्या स्वभाव है ?

(A) लोगों की आलोचना करना
(B) पौधों को जड़ से काटना
(C) दुखी को और दुखी करना
(D) दूसरों का उपहास करना

(iv) 'बाहरी तरंगों पर जितना ही फूलते हैं' – पंक्ति में 'बाहरी तरंग' से आशय है –

(A) सांसारिक माया (B) सागर की लहरें

(C) दूसरों का सहारा (D) भौतिक साधन

(v) 'जड़ जमाना चाहते हो, तो एकान्त में जाओ' – इन पंक्तियों में 'जड़ जमाना' से अभिप्राय है –

(A) अपने आप को पहचानना (B) अपने पाँव जमाना

(C) अपना वर्चस्व स्थापित करना (D) बस जाना

**(पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न)**

3. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **$10 \times 1 = 10$**

(i) यशोधर बाबू बच्चों की तरक्की की खुशी को भी 'समहाउ इंप्रापर' क्यों अनुभव करते थे ?

(A) बच्चों ने उन्हें आदर देना बंद कर दिया था ।

(B) इससे अपनों में परायापन पैदा हो गया था ।

(C) इससे बच्चों में स्वच्छंदता बढ़ गई थी ।

(D) इससे बच्चों की जीवन-शैली आधुनिक हो गई थी ।

(ii) यशोधर बाबू की पत्नी आधुनिकाओं-सा आचरण क्यों करने लगी थी ?

(A) मन में दबी इच्छाओं के कारण

(B) पारिवारिक खुशी के कारण

(C) मातृसुलभ मज़बूरी के कारण

(D) सुविधाजनक होने के कारण

(iii) यशोधर बाबू ने डी.डी.ए. का फ़्लैट क्यों बुक नहीं किया था ?

(A) रिटायरमेंट के बाद गाँव में जाकर बसना चाहते थे ।

(B) लड़कों में से किसी एक लड़के के सरकारी नौकरी में आने का विश्वास था ।

(C) फ़्लैट बुक कराने के लिए पैसे नहीं थे ।

(D) योजनाबद्ध तरीके से काम नहीं करते थे ।

(iv) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(I) किशनदा ने यशोधर बाबू को नौकरी दिलवाई और जीवन में मार्गदर्शन किया ।

(II) यशोधर बाबू का दैनिक खर्च नगण्य था इसलिए उनके बटुए में पैसे कम होते थे ।

(III) दफ्तर से लौटते हुए बिड़ला मंदिर जाना उन्होंने किशनदा से सीखा था ।

(IV) यशोधर बाबू का मानना था काम तो सब अपने हाथ से ही ठीक रहता है ।

'सिल्वर वैडिंग' कहानी के अनुसार उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(A) केवल कथन (I) सही है ।

(B) केवल कथन (II) सही है ।

(C) कथन (II) और (III) सही हैं ।

(D) कथन (I), (II), (III) और (IV) सही हैं ।

(v) "अब तू ही बता, मैं का करूँ ?" – इस कथन से आनंदा की माँ के चरित्र की कौन-सी विशेषता प्रकट होती है ?

(A) विवशता (B) दुर्बलता

(C) अक्षमता (D) परवशता

(vi) आनंदा के पिता ने उसे पाठशाला भेजने के लिए कौन-सी शर्त नहीं रखी ?

(A) सुबह खेतों में पानी लगाना (B) स्कूल से आकर ढोर चराना

(C) सुबह शाम गाय-भैंस दुहना (D) अधिक काम होने पर स्कूल से छुट्टी लेना

(vii) 'उस चक्की की अपेक्षा मास्टर की छड़ी की मार अच्छी लगती थी ।' – इस वाक्य में किस चक्की की ओर संकेत किया गया है ?

(A) खेती के काम की चक्की (B) आटा पीसने की चक्की

(C) घर के काम की चक्की (D) कोल्हू से रस निकालने की चक्की

(viii) 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के संदर्भ में निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

**कथन :** देखना अपनी आँख से देखना है । बाकी सब आँख का झपकना है ।

**कारण :** यथार्थ का अनुभव स्वयं किया जा सकता है, कहना-सुनना केवल दिखावा मात्र है ।

(A) कथन सही है, कारण गलत है ।

(B) कथन सही नहीं है, कारण सही है ।

(C) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता ।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।

(ix) मुअनजो-दड़ो की खुदाई में मिले कोठार का उपयोग अनाज संग्रह के लिए किया जाता होगा । इस विश्वास का आधार है –

(A) कोठार का वास्तुशिल्प (B) संग्रहालय में मिले गेहूँ के दाने

(C) बैलगाड़ी के साक्ष्य (D) पत्थर के औजार

(x) 'अतीत में दबे पाँव' पाठ से उद्धृत 'रेगिस्तान के जहाज से हवा के जहाज का यह ऐतिहासिक गठजोड़ है ।' – कथन का अभिप्राय है –

(A) ऊँटगाड़े में जहाज के उतारू पहियों का प्रयोग

(B) राजस्थान तक हवाई-यात्रा का प्रबंध

(C) ऊँटगाड़े का सड़कों पर हवा की तरह दौड़ना

(D) ऊँटगाड़े में हवा वाले पहियों का प्रयोग

**(पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न)**

4. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

क्या-क्या सामान बाँध लें, जिससे मुझे वहाँ किसी प्रकार की असुविधा न हो सके । ऐसी यात्रा में किसी को किसी के साथ जाने का अधिकार नहीं, यह आश्वासन भक्तिन के लिए कोई मूल्य नहीं रखता । वह मेरे न जाने की कल्पना से इतनी प्रसन्न नहीं होती, जितनी अपने साथ न जा सकने की संभावना से अपमानित । भला ऐसा अंधेर हो सकता है । जहाँ मालिक वहाँ नौकर – मालिक को ले जाकर बंद कर देने में इतना अन्याय नहीं; पर नौकर को अकेले मुक्त छोड़ देने में पहाड़ के बराबर अन्याय है । ऐसा अन्याय होने पर भक्तिन को बड़े लाट तक लड़ना पड़ेगा । किसी की माई यदि बड़े लाट तक नहीं लड़ी, तो नहीं लड़ी; पर भक्तिन का तो बिना लड़े काम ही नहीं चल सकता ।

(i) 'ऐसी यात्रा में किसी को किसी के साथ जाने का अधिकार नहीं ।' पंक्ति में प्रयुक्त 'ऐसी यात्रा' से क्या अभिप्राय है ?

(A) तीर्थ यात्रा (B) जेल यात्रा

(C) अंतिम यात्रा (D) विदेश यात्रा

(ii) भक्तिन किस बात को अपने लिए अपमान समझती थी ?

(A) पाक कला में मीन-मेख निकालने को

(B) महादेवी जी की आज्ञा का पालन न करने को

(C) उनकी पसंद का खाना न बना सकने की बात को

(D) कठिन परिस्थितियों में महादेवी जी को अकेला छोड़ देने को

(iii) गद्यांश के संदर्भ में 'अंधेर होना' का क्या अर्थ है ?

(A) अंधकार होना (B) बेईमानी होना

(C) अपमान होना (D) अन्याय होना

(iv) 'क्या-क्या ...... असुविधा न हो सके ।' – इस वाक्य से महादेवी जी के प्रति भक्तिन की किस भावना का पता चलता है ?

(A) निष्ठा और कर्तव्यपरायणता (B) दृढ़ता और धर्मपरायणता

(C) आत्मीयता और भावुकता (D) सेवा और तत्परता

(v) भक्तिन बड़े लाट साहब से भी लड़ने को क्यों तैयार है ?

(A) महादेवी जी को जेल भेजने का आदेश देने के कारण

(B) छोटे-छोटे लड़को को जेल में डालने के कारण

(C) स्वतंत्रता सेनानियों को जेल में डालने के कारण

(D) महादेवी जी को जेल में डालने और उसे मुक्त छोड़ने के कारण

5. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

उहाँ राम लछिमनहि निहारी । बोले बचन मनुज अनुसारी ।।
अर्ध राति गइ कपि नहिं आयउ । राम उठाइ अनुज उर लायऊ ।।
सकहु न दुखित देखि मोहि काऊ । बंधु सदा तव मृदुल सुभाऊ ।।
मम हित लागि तजेहु पितु माता । सहेहु बिपिन हिम आतप बाता ।।
सो अनुराग कहाँ अब भाई । उठहु न सुनि मम बच बिकलाई ।।

(i) 'बोले बचन मनुज अनुसारी' का अभिप्राय है –

(A) मनुष्य द्वारा बोले जाने योग्य वचन

(B) मनुष्य द्वारा अनुसरण करने योग्य वचन

(C) मानव की प्रकृति के अनुरूप वचन

(D) मानव सुलभ गुणों से युक्त वचन

(ii) 'सकहु न दुखित ......... मृदुल सुभाऊ' चौपाई के आधार पर लक्ष्मण के स्वभाव की विशेषताएँ हैं –

(A) स्नेही, मृदुल, भ्रातृ-प्रेमी

(B) मृदुल, आज्ञाकारी, कोमलचित्त

(C) कोमल, स्नेही, आज्ञाकारी

(D) कोमल, उदार, सहनशील

(iii) 'सो अनुराग कहाँ अब भाई' पंक्ति द्वारा राम लक्ष्मण के हृदय में विद्यमान किस भाव की ओर संकेत कर रहे हैं ?

(A) बड़े भाई को कभी दुखी न देखने का भाव

(B) सबके प्रति हृदय में विद्यमान कोमलता का भाव

(C) बड़े भाई के प्रति कर्तव्यपालन का भाव

(D) बड़े भाई के प्रति त्याग युक्त प्रेम का भाव

(iv) लक्ष्मण के हृदय में राम के प्रति अगाध प्रेम को व्यक्त करने वाली पंक्ति है –

(A) अर्ध राति गइ कपि नहिं आयउ। राम उठाइ ......

(B) सकहु न दुखित देखि मोहि काऊ। बंधु सदा ......

(C) मम हित लागि तजेहु पितु माता। सहेहु बिपिन ......

(D) सो अनुराग कहाँ अब भाई। उठहु न सुनि ......

(v) काव्यांश का केंद्रीय भाव है –

(A) लक्ष्मण के शोक में डूबे राम के विलाप का वर्णन करना

(B) दुख की स्थिति के प्रभाव का वर्णन करना

(C) राम के निर्मल और उदात्त चरित्र का वर्णन करना

(D) लक्ष्मण द्वारा राम के लिए किए गए त्याग का वर्णन करना

## (अभिव्यक्ति और माध्यम पर आधारित प्रश्न)

6. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

(i) रमेश को हिन्दी भाषा के शब्दों को समझने में कठिनाई का अनुभव होता है इसीलिए संचार के निम्नलिखित माध्यमों में से उसके लिए कौन–सा माध्यम उपयुक्त रहेगा ?

(A) टी.वी. (B) समाचार-पत्र

(C) रेडियो (D) सिनेमा

(ii) टी.वी. पर एंकर द्वारा रिपोर्टर से मिली जानकारी के आधार पर सूचनाएँ देना कहलाता है –

(A) ब्रेकिंग न्यूज (B) ड्राई एंकर

(C) लाइव (D) एंकर पैकेज

(iii) किसी भी क्षेत्र में हो रहे भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और गड़बड़ियों को उजागर करने के लिए तैयार की गई रिपोर्ट कहलाएगी –

(A) खोजी रिपोर्ट (B) इन–डेप्थ रिपोर्ट

(C) विश्लेषणात्मक रिपोर्ट (D) विवरणात्मक रिपोर्ट

(iv) उलटा पिरामिड शैली की लोकप्रियता के संदर्भ में कौन–सा/कौन–से कथन सही है/हैं, उचित विकल्प चुनकर लिखिए :

(I) समाचार लेखन की सबसे लोकप्रिय, उपयोगी और बुनियादी शैली है ।

(II) इस शैली में सबसे महत्त्वपूर्ण तथ्य या सूचना पिरामिड के निचले हिस्से में होती है ।

(III) लेखन और संपादन की सुविधा के कारण यह समाचार लेखन की मानक शैली है ।

(IV) इस शैली का आरम्भ द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हुआ ।

(A) केवल कथन (I) सही है ।

(B) केवल कथन (IV) सही है ।

(C) कथन (I) और (III) सही हैं ।

(D) कथन (I) और (II) सही हैं ।

(v) दृश्यों के साथ खबर लिखने की बुनियादी शर्त किस माध्यम में है ?

(A) समाचार-पत्र (B) टेलीविजन

(C) रेडियो (D) इंटरनेट

## खंड – ब

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

### (जनसंचार और सृजनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न)

7. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के लगभग **60** शब्दों में उत्तर लिखिए : **$2 \times 3 = 6$**

(क) समाचार पत्र–पत्रिका के संदर्भ में लेख से क्या तात्पर्य है ? लेख लिखते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

(ख) पत्रकारीय लेखन का संबंध किससे है और यह साहित्यिक और सृजनात्मक लेखन से अलग कैसे है ?

(ग) मीडिया की भाषा में 'बीट' किसे कहते हैं ? बीट रिपोर्टर बनने के लिए एक पत्रकार में क्या योग्यता होनी चाहिए ?

8. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर लगभग **40** शब्दों में निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : **$2 \times 2 = 4$**

(i) (क) मुद्रित माध्यमों में पढ़ी हुई कहानी की तुलना में दृश्य माध्यम पर देखी गई कहानी को लोग देर तक क्यों याद रखते हैं ?

**अथवा**

(ख) "कैमरे में बंद अपाहिज" कविता के आधार पर शारीरिक चुनौती झेलने वाले व्यक्ति और दूरदर्शन कर्मी के बीच हुए संवाद के दृश्य को लगभग **40** शब्दों में लिखिए ।

(ii) (क) रेडियो नाटक की कहानी पूरी तरह एक्शन (क्रिया) प्रधान क्यों नहीं होनी चाहिए ?

**अथवा**

(ख) रटंत से क्या अभिप्राय है ? यह बुरी लत क्यों है ?

9. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **120** शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए : **6**

(क) जीवन में सदाचार का महत्त्व

(ख) सौर ऊर्जाः ऊर्जा का अक्षय स्रोत

(ग) रेल की खिड़की से बाहर का दृश्य

(पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न)

10. काव्य-खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) "मैं भव मौजों पर मस्त बहा करता हूँ" 'आत्मपरिचय' कविता से उद्धृत इस पंक्ति का क्या आशय है ?

(ख) 'कविता के बहाने' कविता के आधार पर लिखिए कि कविता की विकास-प्रक्रिया फूलों की तरह होने पर भी फूल उसका मर्म क्यों नहीं समझ सकते ?

(ग) 'बात सीधी थी पर' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि कथ्य अधिक महत्त्वपूर्ण है अथवा माध्यम ?

11. काव्य-खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में दीजिए : **2 × 2 = 4**

(क) शारीरिक चुनौती झेल रहे व्यक्ति की शब्दहीन पीड़ा को मीडियाकर्मी किस प्रकार अभिव्यक्त कराना चाहता है ? क्या वह अपने उद्देश्य में सफल होता है ? कारण लिखिए।

(ख) 'बादल राग' कविता के संदर्भ में 'पंक' और 'जलज' का प्रतीकार्थ लिखते हुए स्पष्ट कीजिए कि क्रांति का इन पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(ग) 'रुबाइयाँ' शीर्षक से ली गई पंक्ति – 'किस प्यार से देखता है बच्चा मुँह को' – के संदर्भ में लिखिए कि बच्चा माँ की ओर क्यों देख रहा है ?

12. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'बाज़ार दर्शन' पाठ के आधार पर लिखिए कि बाज़ार का वह कौन-सा रूप है जिसका पोषण करने वाला शास्त्र अर्थशास्त्र न होकर नीतिशास्त्र है ? और क्यों ?

(ख) 'अपनी जरूरत पीछे रखकर दूसरे के कल्याण के लिए जो कुछ दो, वह त्याग होता है।' – 'काले मेघा पानी दे' पाठ के संदर्भ में इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'शिरीष के फूल' पाठ से उद्धृत पंक्ति 'महाकाल देवता सपासप कोड़े चला रहे हैं' – का आशय स्पष्ट करते हुए लिखिए कि लेखक ने कालदेवता से बचने का क्या उपाय बताया है ?

13. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में दीजिए : $2 \times 2 = 4$

(क) 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर लिखिए कि बीमारी की विभीषिका से क्रंदन करता हुआ गाँव और अधिक भयावह रूप किन परिस्थितियों में ग्रहण कर लेता था ?

(ख) 'श्रम विभाजन और जाति प्रथा' पाठ के आधार पर लिखिए कि भारत में जाति आधारित ऐसी कौन-सी व्यवस्था है जो पूरे विश्व में कहीं नहीं पाई जाती ?

(ग) समाज को अपने सदस्यों से अधिकतम उपयोगिता प्राप्त करने के लिए आंबेडकर ने क्या सुझाव दिए हैं ? अपने शब्दों में लिखिए ।

**(पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न)**

14. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में दीजिए : $2 \times 2 = 4$

(क) 'बच्चों द्वारा घर में लाए गए भौतिक सुख-सुविधा के साधनों के प्रति यशोधर पंत जी की क्या धारणा थी ? सिल्वर वैडिंग' पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

(ख) 'जूझ' कहानी के आधार पर लिखिए कि पाठशाला में आनंदा का पहले दिन का अनुभव कैसा रहा ?

(ग) ''सिंधु घाटी सभ्यता' में प्रभुत्व या दिखावे के तेवर का अभाव था' – सोदाहरण सिद्ध कीजिए ।

अत्यंत गोपनीय - केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु

**सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, फरवरी-2024**

**अंक-योजना - विषय : हिंदी (आधार)**

**विषय कोड संख्या : 302, प्रश्न पत्र कोड : 2/4/1, 2/4/2, 2/4/3**

**सामान्य निर्देश :-**

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी त्रुटि भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को **पढ़ और समझ** लें।
2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक होना परीक्षा प्रणाली के लिए उपयुक्त नहीं है, जो लाखों परीक्षार्थियों के भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति दस्तावेज़ को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है|
3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह से निष्ठापूर्वक किया जाए। **हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।**
4. अंक योजना में उत्तरों के लिए केवल सुझाए गए मूल्य बिंदु शामिल हैं, ये केवल दिशा निर्देशों की प्रकृति में हैं और संपूर्ण उत्तर का गठन नहीं करते हैं। परीक्षार्थी अपनी अभिव्यक्ति कर सकते हैं और यदि अभिव्यक्ति सही है तो उचित अंक दिए जाएँ।
5. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हों कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।
6. परीक्षक सही उत्तर पर सही का चिह्न (√) लगाएंगे और गलत उत्तर पर गलत का (×) चिह्न लगाएँगे। परीक्षक द्वारा मूल्यांकन करते समय सही का चिह्न (√) न लगने पर यह आभास होगा कि उत्तर सही है और कोई अंक नहीं दिया गया है। परीक्षकों द्वारा यह त्रुटि सर्वाधिक की जाती है।
7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर **दायीं ओर** अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग **बायीं ओर** के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। **इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**
8. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हों तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता का पालन किया जाए।
9. यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न का उत्तर दे दिया है, तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उसे ही स्वीकार करें। दूसरे उत्तर को "अतिरिक्त प्रश्न" टिप्पणी के साथ काट दिया जाना चाहिए।
10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उस पर एक से अधिक बार अंक न काटे जाएँ।
11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण 0-80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

12. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन 20 उत्तर-पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं।

13. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें, जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं ।

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि होना।
- योग का अंकों और शब्दों में मेल न होना।
- उत्तर पुस्तिका से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि होना ।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना, किंतु अंक न देना (सुनिश्चित करें कि (√) या **(×)** का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो।)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो, किंतु अंक न दिए गए हों।

14. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

15. उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना, मूल्यांकन समिति के सभी लोगों की छवि और बोर्ड  की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।

16. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।

17. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है। आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में सही लिखा गया है।

18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देता है । सभी परीक्षकों/अतिरिक्त प्रधान परीक्षकों/प्रधान परीक्षकों को एक बार पुनः याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य बिंदुओं के अनुसार सख्ती से किया जाए।

**सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा फरवरी -2024**

**अंक योजना : हिन्दी आधार प्रश्न पत्र  गुच्छ संख्या 2/4/1, 2/4/2, 2/4/3**

**कक्षा : XII**

अधिकतम अंक : 80

सामान्य निर्देश

- अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है।
- वर्णनात्मक प्रश्नों के अंक योजना में दिए गए उत्तर बिंदु अंतिम नहीं हैं। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं।
- यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिंदुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दें  तो उन्हें अंक दिए जाएँ।
- मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए।

| **खंड - अ**<br>**(बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर)** | | | | | **40 अंक** |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रश्न सं** | **प्रश्न पत्र  गुच्छ संख्या** | | | **उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु** | **निर्धारित अंक विभाजन** |
| | **2/4/1** | **2/4/2** | **2/4/3** | | |
| **1** | **1** | **2** | **1** | अपठित बोध - गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | **10x1=10** |
| | **(i)** | **(i)** | **(i)** | (D) वैचारिक और मानसिक भूख शांत करने के लिए | **1** |
| | **(ii)** | **(ii)** | **(ii)** | (B) सूचनाओं के आदान-प्रदान में तकनीक का प्रयोग करना। | **1** |
| | **(iii)** | **(iii)** | **(iii)** | (A) छापे खाने से जुड़े लोगों को | **1** |
| | **(iv)** | **(iv)** | **(iv)** | (C) केवल कथन (II) और (III) सही हैं | **1** |
| | **(v)** | **(v)** | **(v)** | (A) हाथ से लिखित (हस्तलिखित) प्रति को | **1** |
| | **(vi)** | **(vi)** | **(vi)** | (D) पार्टी का प्रचार | **1** |
| | **(vii)** | **(vii)** | **(vii)** | (D) मुद्रित माध्यमों को समाप्त न कर दे | **1** |
| | **(viii)** | **(viii)** | **(viii)** | (C) प्रकाशक का | **1** |
| | **(ix)** | **(ix)** | **(ix)** | (D) यहाँ दिल और दिमाग दोनों को खुराक मिलती है । | **1** |
| | **(x)** | **(x)** | **(x)** | (C) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण उसकी सही व्याख्या नहीं करता । | **1** |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/4/1 | 2/4/2 | 2/4/3 | | |
| 2 | 2 | 1 | 2 | **अपठित बोध - पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर** | 5x1=5 |
| | (i) | (i) | (i) | (B) स्वभाव | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) मूल से अलग होने पर जीवन का सौंदर्य नहीं रहता। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (C) दुखी को और दुखी करना | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (A) सांसारिक माया | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | (A) अपने आप को पहचानना | 1 |
| 3 | 3 | 6 | 6 | **अभिव्यक्ति और माध्यम पर आधारित प्रश्नों के उत्तर** | 5X1=5 |
| | (i) | (i) | (i) | (B) समाचार-पत्र | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (B) ड्राई एंकर | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (A) खोजी रिपोर्ट | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (C) कथन (I) और (III) सही हैं । | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | (B) टेलीविजन | 1 |
| | | | | **पाठ्य-पुस्तक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर** | |
| 4 | 4 | 3 | 5 | **काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर** | 5X1=5 |
| | (i) | (i) | (i) | (C) मानव की प्रकृति के अनुरूप वचन | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (A) स्नेही, मृदुल, भ्रातृ-प्रेमी | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (A) बड़े भाई को कभी दुखी न देखने का भाव | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (B) सकहु न दुखित देखि मोहि काऊ । बंधु सदा ...... | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | (A) लक्ष्मण के शोक में डूबे राम के विलाप का वर्णन करना | 1 |
| 5 | 5 | 4 | 4 | गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | 5X1=5 |
| | (i) | (i) | (i) | (B) जेल यात्रा | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) कठिन परिस्थितियों में महादेवी जी को अकेला छोड़ देने को | 1 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/4/1 | 2/4/2 | 2/4/3 | | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) अन्याय होना | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (A) निष्ठा और कर्तव्यपरायणता | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | (D) महादेवी जी को जेल में डालने और उसे मुक्त छोड़ने के कारण | 1 |
| 6 | 6 | 5 | 3 | पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | 10X1=10 |
| | (i) | (i) | (i) | (B) इससे अपनों में परायापन पैदा हो गया था । | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (C) मातृसुलभ मजबूरी के कारण | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (A) रिटायरमेंट के बाद गाँव मे जाकर बसना चाहते थे ।<br>व<br>(B) लड़कों में से किसी एक लड़के के सरकारी नौकरी में आने का विश्वास था ।<br>(उपर्युक्त दोनों में से कोई एक उत्तर स्वीकार्य) | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (A) केवल कथन (I) सही हैं । | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | (A) विवशता | 1 |
| | (vi) | (vi) | (vi) | (C) सुबह-शाम गाय-भैंस दुहना | 1 |
| | (vii) | (vii) | (vii) | (A) खेती के काम की चक्की | 1 |
| | (viii) | (viii) | (viii) | (D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, कारण कथन की सही व्याख्या करता है । | 1 |
| | (ix) | (ix) | (ix) | (A) कोठार का वास्तुशिल्प | 1 |
| | (x) | (x) | (x) | (A) ऊँटगाड़े में जहाज के उतारू पहियों का प्रयोग | 1 |

## खंड - ब

**40 अंक**

## (वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर)

## (जनसंचार और सृजनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर)

| प्रश्न सं | 2/4/1 | 2/4/2 | 2/4/3 | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 7 | 12 | 9 | किसी एक विषय पर रचनात्मक लेख<br>- आरंभ - 1<br>- विषयवस्तु - 3<br>- प्रस्तुति - 1<br>- भाषा - 1 | 6 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/4/1 | 2/4/2 | 2/4/3 | | |
| **8** | **8** | **14** | **8** | | **2x2=4** |
| | (i)(क) | (i)(क) | (i)(क) | □ दृश्य माध्यम में दृश्य और श्रव्य माध्यम का मेल<br>□ दृश्य का स्मृतियों से गहरा संबंध<br>□ दृश्य का तत्काल प्रभाव<br>□ दृश्यों का स्मृति पटल पर अधिक समय तक बने रहना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** |
| | **अथवा**<br>(i)(ख) | **अथवा**<br>(i)(ख) | **अथवा**<br>(i)(ख) | छात्रों की कल्पनाशक्ति व रचनात्मक कौशल के आधार पर दूरदर्शन कर्मी और अपाहिज के मध्य संवाद का दृश्य लेखन स्वीकार्य | **2** |
| | (ii)(क) | (ii)(क) | (ii)(क) | □ रेडियो नाटक ध्वनि संकेतों के माध्यम से संप्रेषित<br>□ रेडियो पर एक्शन सुनना अप्रभावी (उबाऊ)<br>□ कलाकार की शारीरिक क्रिया व भाव-भंगिमा दिखाना संभव नहीं<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** |
| | **अथवा**<br>(ii)(ख) | **अथवा**<br>(ii)(ख) | **अथवा**<br>(ii)(ख) | अभिप्राय - दूसरों के द्वारा तैयार की गई सामग्री को याद करके ज्यों की त्यों प्रस्तुति<br>कारण -<br>□ मौलिकता / सृजनात्मकता एवं समझ की शक्ति का ह्रास<br>□ अभिव्यक्ति क्षमता का विकास न हो पाना<br>□ चिंतन शक्ति का विकास न होना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | **1+1=2** |
| **9** | **9** | **13** | **7** | किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित | **2x3=6** |
| | (क) | (क) | (क) | तात्पर्य - संपादकीय पृष्ठ पर वरिष्ठ पत्रकारों और विशेषज्ञों द्वारा लिखे गए लेख<br>आवश्यक बातें -<br>□ विषय वस्तु पर पूर्व विचार, चिंतन और मनन<br>□ विषय वस्तु का पूर्ण ज्ञान<br>□ तथ्यों और सूचनाओं का संकलन<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **1+2=3** |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/4/1 | 2/4/2 | 2/4/3 | | |
| | (ख) | (ख) | (ख) | पत्रकारीय लेखन - देश विदेश में घटने वाली समसामयिक और वास्तविक घटनाओं, समस्याओं व मुद्दों से संबंधित<br>अंतर -<br>• पत्रकारीय लेखन का संबंध तथ्यों से, साहित्यिक व सृजनात्मक लेखन कल्पना व अनुभव से संबंधित<br>• पत्रकारीय लेखन का विषय अनिवार्य रूप से तात्कालिकता व पाठकों की रूचि पर आधारित, रचनात्मक लेखन में विषय चयन की स्वतंत्रता | 1+2=3 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | बीट -सवाददाताओं का उनकी रुचि, दिलचस्पी व ज्ञान के आधार पर कार्य विभाजन<br>योग्यताएँ -<br>• विषय-विशेष की गहरी जानकारी होना<br>• विषय संबंधी भाषा और शैली पर अधिकार होना<br>• तथ्यों की पुष्टि एवं विभिन्न स्रोतों का ज्ञान होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+2=3 |
| **10** | **10** | **7** | **10** | पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर<br>किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित | **2x3=6** |
| | **(क)** | **-** | **-** | • मन में विद्रोह, आक्रोश असंतोष के भाव की प्रबलता<br>• वर्तमान सामाजिक व्यवस्था के प्रति असंतोष<br>• समाज के प्रति विद्रोह की भावना होने पर भी वाणी में शीतलता<br>• कवि की वाणी मे सोए हुए ह्रदयों को जागृत करने की शक्ति<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | **3** |
| | **(ख)** | **-** | **-** | अंतर -<br>• कविता का कालजयी होना, फूलों का निशचित समय सीमा के लिए आस्तित्व<br>• कविता का समय के साथ नए-नए अर्थ ग्रहण कर युगों-युगों तक भावों की सुगंध बिखेरना, पुष्प का थोड़े समय के लिए खिलना और महकना<br>• कविता / श्रेष्ठ है। | **2+1=3** |
| | **(ग)** | **-** | **-** | • भाषा के सम्प्रेषण मे सहज, सरल भाषा का प्रयोग करेंगे<br>तर्क -<br>• आडंबरपूर्ण शब्दों से भाषा का प्रभाव नष्ट<br>• भाषा का उद्देश्य-विचारों की सुगम व स्वाभाविक | **1+2=3** |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/4/1 | 2/4/2 | 2/4/3 | | |
| | | | | अभिव्यक्ति<br>(अन्य उपयुक्त तर्क भी स्वीकार्य) | |
| | - | (क) | - | • कवि की पीड़ा की अभिव्यक्ति को संवेदनहीन समाज द्वारा कविता मानना<br>• कवि के आर्तनाद का कविता के छंद बनकर फूट पड़ना<br>• कवि का समाज के साथ खट्टा-मीठा संबंध होना | 3 |
| | - | (ख) | - | बच्चों के संदर्भ में -<br>• सब घर एक कर देना अर्थात भेद और अलगाव का न होना<br>• अपनत्व की भावना का प्रसार<br>• धर्म, जाति, संप्रदाय, छोटा-बड़ा, अमीर-गरीब, अपने-पराए का भेद न होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित है)<br>कविता के संदर्भ में -<br>• कविता का निजी ना होकर सामाजिक एवं सार्वदेशिक होना<br>• कविता में देशकाल की सीमा का न होना<br>• 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना का प्रचार-प्रसार करना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित है) | 1½+1½=3 |
| | - | (ग) | - | अर्थ -<br>• बात का प्रभावहीन होना<br>कारण -<br>• अभिव्यक्ति के लिए उचित माध्यम न मिल पाने से उत्पन्न खीझ और झल्लाहट<br>• विचारों की सहज अभिव्यक्ति के स्थान पर विद्वता का आडंबरपूर्ण प्रदर्शन<br>• तमाशबीनों की शाबाशी व वाह-वाही लूटने की लालसा<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित है) | 1+2=3 |
| | - | - | (क) | • जीवन के सुख-दुख को समभाव से स्वीकारना<br>• कवि का मस्तमौलापन<br>• सामाजिक परिपाटी का अनुसरण न करना<br>• समाज के साथ द्वंदात्मक संबंध होना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित है) | 3 |
| | - | - | (ख) | • फूलों का खिलने के बाद मुरझाकर नष्ट हो जाना निश्चित, कविता का नित नए अर्थ ग्रहण कर भावों | 1+2=3 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/4/1 | 2/4/2 | 2/4/3 | | |
| | | | | की सुगंध निरंतर बिखेरना<br>• कविता की सरसता व आनंद को फूलों द्वारा न समझा जाना<br>• कविता का कालजयी होना, मरझाना फूलों की नियति होना | |
| | - | - | (ग) | • कथ्य अधिक महत्वपूर्ण है।<br>• विद्वता प्रदर्शन से भाषा की सहजता का प्रभावित होना<br>• भाषा का सौंदर्य दूसरे तक भाव पहुंचने में होना, न कि भाषा को क्लिष्ट बनाना<br>• कृत्रिमता से भाषा की पकड़ कमजोर होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित है) | 1+2=3 |
| 11 | 11 | 8 | 11 | किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित | 2x2=4 |
| | (क) | - | - | • व्यावसायिक उद्देश्य पूर्ण न होने पर झुंझलाहट में कहा जाना<br>• मीडियाकर्मी का अपाहिज व दर्शक को एक साथ रुलाने में असफल होना<br>• भावनाओं से अधिक समय की कीमत को अधिक महत्त्व देना<br>• कार्यक्रम की उपयोगिता का TRP तक ही सीमित होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | (ख) | - | - | प्रभाव -<br>• क्रांति से शोषक वर्ग की सत्ता के अंत की संभावना<br>कारण -<br>• शोषक वर्ग का अधिकार और संपत्ति छिनने का भय<br>• धनी वर्ग का अपने विनाश, सत्ता के अंत की आशंका से भयभीत मुँह ढाँपना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ग) | - | - | • गोद भरी अर्थात वात्सल्य / मातृत्व का सुख<br>• माँ के लिए असीम सौभाग्य सूचक<br>• मातृत्व की तृप्ति<br>• माँ का आनंद व उत्साह<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/4/1 | 2/4/2 | 2/4/3 | | |
| | - | (क) | - | • नहीं, समाज इतना संवेदनहीन नहीं है<br>उज्ज्वल पक्ष-<br>• अनेक सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों द्वारा लोगों की सहायता हेतु तत्पर होना<br>• कोरोना काल में एक-दूसरे की निस्वार्थ भाव से मदद करना<br>(छात्रों के तर्क पूर्ण मौलिक उत्तर भी स्वीकार्य) | 2 |
| | - | (ख) | - | • युद्ध रूपी नौका में शोषित वर्ग की आकांक्षाएँ, अपेक्षाएँ, इच्छाएँ भरी होना<br>विशेषता -<br>• शोषण के अंत की संभावना<br>• नवनिर्माण की आशा<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | - | (ग) | - | • माँ का शिशु के प्रति अगाध स्नेह<br>• माँ का सावधान / सजग होना<br>• अपने बालक की सुरक्षा का ध्यान<br>• मातृत्व का भाव<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | - | (क) | • मीडियाकर्मी का शारीरिक चुनौती झेल रहे व्यक्ति के अपाहिज़पन की पीड़ा को बढ़ा-चढ़ा कर दिखाना<br>• नहीं, निर्धारित समय में अपाहिज व दर्शक को एक साथ रुलाने मे सफल न होने के कारण | 2 |
| | - | - | (ख) | प्रतीकार्थ -<br>• पंक-शोषक वर्ग का, जलज-शोषित वर्ग का प्रतीक<br>प्रभाव -<br>• शोषक वर्ग का नाश होना एवं शोषित वर्ग का सामाजिक क्रांति का सूत्रधार बनना | 2 |
| | - | - | (ग) | • माँ द्वारा मिलने वाला स्नेह-सुख<br>• माँ से मिलने वाला स्पर्श-सुख<br>• माँ द्वारा शिशु की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करना<br>(कोई भी दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/4/1 | 2/4/2 | 2/4/3 | | |
| 12 | 12 | 9 | 12 | किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित | 2x3=6 |
| | (क) | - | - | अभिप्राय - खरीदने की शक्ति<br>रूप -<br>• बड़े बैंक-हिसाब, माल असबाब, मकान-कोठी, शान-शौकत का होना<br>• जरूरत से ज्यादा सामान खरीदना<br>• मन गर्व से फूला रहना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+2=3 |
| | (ख) | - | - | विशेषता -<br>• त्यागपूर्वक दान का महत्व प्रतिपादित करना<br>कारण -<br>• व्यक्ति के आचरण से समाज के आचरण का निर्माण<br>• दूसरों की सहायता करने से आत्मसुख की प्राप्ति<br>• समाज कल्याण में ही व्यक्तिगत कल्याण निहित<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+2=3 |
| | (ग) | - | - | • शिरीष के लिए प्रयुक्त<br>विशेषता -<br>• शिरीष अवधूत/संन्यासी के समान<br>• सुख-दुख को समान रूप से स्वीकारना<br>• राग-द्वेष से परे<br>• वायुमंडल से अपना रस खींचना<br>• दीर्घकाल तक हरा भरा रहना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+2=3 |
| | - | (क) | - | • आत्मसंतुष्टि का भाव<br>• आवश्यक वस्तुओं की ही खरीदारी<br>• बाज़ार के चुंबकीय आकर्षण का प्रभावहीन होना<br>• बाज़ार को सार्थकता देना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| | - | (ख) | - | लोक विश्वास जीजी के माध्यम से, विज्ञान के द्वंद्व को लेखक के माध्यम से व्यक्त<br>• लोक विश्वास अनावृष्टि को दूर करने के लिए इंदर सेना पर पानी फेंकना<br>• वैज्ञानिक दृष्टि इसे जल की निर्मम बर्बादी समझना | 1+2=3 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/4/1 | 2/4/2 | 2/4/3 | | |
| | - | (ग) | - | • शिरीष, अवधूत, गांधीजी तीनों का अनासक्त होना<br>• तीनों के भीतर कठोरता के साथ कोमलता का गुण होना<br>• बाह्य परिवर्तनों, धूप वर्षा / सुख-दुख / चुनौतियों से अविचलित रहना<br>• तीनों का वायुमंडल/परिस्थितियों से रस सींचना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| | - | - | (क) | रूप -<br>• बाजार में कपट और शोषण के स्थान पर परस्पर सद्भाव बढ़ाने वाला<br>कारण -<br>• एक की हानि मे दूसरे का लाभ न देखने वाला<br>• बाजारुपन को बढ़ावा न देने वाला<br>• मानवता की स्थापना करने वाला<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+2=3 |
| | - | - | (ख) | • त्यागपूर्वक दान की महत्ता का प्रतिपादन<br>• अपनी जरूरतों को भूलकर जगत कल्याण के लिए दूसरों को दान देना<br>• अच्छी फसल के लिए किसान द्वारा सबसे अच्छे गेहूं से बीजों की बुवाई करना<br>• ऋषि मुनियों द्वारा ऐसे ही दान को ऊंचा स्थान दिया जाना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| | - | - | (ग) | आशय -<br>• सभी का काल का ग्रास बनना निश्चित<br>• काल का तेजी से सबको आगोश में लेने के लिए बढ़ाना<br>उपाय -<br>• बचने के लिए जड़ता को छोड़कर गतिशील बनना<br>• आगे की ओर मुँह किए रहना | **1½+1½=3** |
| **13** | **13** | **10** | **13** | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित | 2x2=4 |
| | **(क)** | - | - | • गांव में महामारी के रूप में हैजा व मलेरिया का प्रकोप<br>• चारों ओर मृत्यु का सन्नाटा पसरना<br>• उपचार हीन, पथ्यहीन लोगों का महामारी की चपेट में आना | 2 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/4/1 | 2/4/2 | 2/4/3 | | |
| | | | | • अंधेरी रात में करुण सिसकियों और आहों का सुनाई देना<br>• सियारों का क्रंदन, कुत्तों का रोना, पेचक की आवाज़<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | |
| | (ख) | - | - | अभिप्राय -<br>• श्रम विभाजन - कार्यों का वर्गीकरण<br>आवश्यकता -<br>• कार्य को कुशलता पूर्वक करना<br>• सभ्य समाज की आवश्यकता<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ग) | - | - | संदर्भ -<br>• भक्तिन द्वारा अपना नाम प्रयोग न करने का आग्रह<br>कारण -<br>• जीवन में व्यक्तियों का नामों के विरोधाभास के साथ जीना<br>• लेखिका के अपने नाम की विशालता, स्वयं लेखिका लिए के लिए दुर्वह होना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | - | (क) | - | • ढोल की आवाज से उत्साहित होना<br>• ढोल की आवाज में दाव-पेंच का सही प्रयोग<br>• ढोल की आवाज के साथ तालमेल बैठाकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | (ख) | - | • श्रम विभाजन- कार्य का विभाजन, श्रमिक विभाजन- व्यक्तियों का विभाजन<br>• श्रम विभाजन में रुचि व क्षमता के अनुसार व्यवसाय का चयन, श्रमिक विभाजन में कार्य परिवर्तन की अनुमति नहीं<br>• श्रम विभाजन कार्य कुशलता पर आधारित, श्रमिक विभाजन जन्म पर आधारित<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | (ग) | - | • लोकतंत्र सामूहिक जीवनचर्या की एक रीति<br>• समाज के सम्मिलित अनुभवों का आदान-प्रदान<br>• साथियों के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/4/1 | 2/4/2 | 2/4/3 | | |
| | - | - | (क) | • अमावस्या की ठंडी काली रात<br>• रात्रि का सन्नाटा<br>• सियारों का क्रंदन, पेचक की आवाज़, कुत्तों का रोना<br>• घरों से आती कराहने और कै की आवाज<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | - | (ख) | • भारतीय जाति व्यवस्था द्वारा श्रमिकों का अस्वाभाविक विभाजन<br>• जाति के आधार पर ऊंच-नीच का भेद-भाव<br>• जाति विभाजन का आधार जन्म<br>• विपरीत परिस्थियों में भी पेशा बदलने की अनुमति न होना<br>• व्यवसाय चयन रुचि पर आधारित नहीं<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | - | (ग) | • समाज में सभी को समान अवसर और समान व्यवहार मिलना<br>• व्यवसाय चुनाव की स्वतंत्रता<br>• क्षमता के विकास को प्रोत्साहन<br>• वंश-कुल / पैतृक संपदा को महत्व न देना<br>• समाज स्वतंत्रता, समता और भ्रातृता पर आधारित<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| 14 | 14 | 11 | 14 | (पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर)<br>किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित | 2x2=4 |
| | (क) | - | - | • आधुनिक परिवेश में बदलते जीवन-मूल्य और संस्कारों के विरुद्ध होना<br>• पीढ़ियों का अंतराल<br>• बदलती सोच के साथ सामंजस्य न बैठना<br>(छात्रों के तर्कसंगत मौलिक उत्तर भी स्वीकार्य) | 2 |
| | (ख) | - | - | • मास्टर सौंदलगेकर स्वयं कुशल अध्यापक व मराठी भाषा के ज्ञाता, कवि व गायक<br>• लेखक द्वारा लिखी कविताओं पर मास्टर द्वारा प्रोत्साहन<br>• लेखन के लिए सुझाव<br>• भाषा की सूक्ष्म बातों की जानकारी देना<br>• पढ़ने के लिए पुस्तकें लेना | 2 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/4/1 | 2/4/2 | 2/4/3 | | |
| | | | | • आत्मविश्वास बढ़ाना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | |
| | (ग) | - | - | • हाँ, प्रेरणा ली जा सकती है<br>• जल नियोजन व जल निकासी की समुचित व्यवस्था<br>• भू-जल का सदुपयोग<br>• कुंडों एव कुओं का निर्माण<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | (क) | - | • बच्चों में सामाजिक संबंधों के प्रति उदासीनता<br>• जीजाजी जनार्दन जोशी की अस्वस्थता<br>• बच्चों द्वारा बुआ को आर्थिक सहायता देने से मना करना<br>• पुत्र के व्यवहार से आहत होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | (ख) | - | • मास्टर सौंदलगेकर द्वारा लेखक की लिखी कविताओं पर शाबाशी मिलना<br>• मंत्री अध्यापक द्वारा कक्षा में कॉपी जांच की जिम्मेदारी देना<br>• वसंत पाटिल के साथ मित्रता<br>• अध्यापकों द्वारा 'आनंदा' नाम से पुकारना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | (ग) | - | • सभ्यता की खोज हाल ही में (20 वीं सदी)<br>• भव्यता का आडंबर न होना<br>• लिपि का अनबूझ रहना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | - | (क) | • भौतिक सुख-सुविधा के साधन लाना "समहाउ इम्प्रापर" लगना<br>• साधनों के प्रति लोगों की ईर्ष्या से यशोधर बाबू का स्वयं को गर्वित महसूस करना<br>• मन ही मन प्रफुल्लित होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | - | (ख) | • पहला दिन चुनौतीपूर्ण<br>• अपरिचित सा बेंच पर बैठना<br>• छोटी उम्र के लड़कों के साथ बैठना<br>• कक्षा के बच्चों द्वारा खिल्ली उड़ाया जाना | 2 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/4/1 | 2/4/2 | 2/4/3 | | |
| | - | - | (ग) | शरारती बच्चों द्वारा गमछे की खींचातनी<br>मन उदास, पढ़ाई छोड़ने का विचार<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br><br>लो-प्रोफाइल सभ्यता<br>ताकत प्रदर्शन का अभाव\\<br>शस्त्रों का न मिलना<br>राजप्रासाद/मंदिर का न मिलना<br>राजाओं/महंतों की समाधि न मिलना<br>राजा का मुकुट छोटे आकार का होना<br>मूर्ति शिल्प आदि का छोटे आकार का होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |